सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, मंगलवार, 29 मार्च, 2005

चैत्र 8, 1927 शक सम्वत

उत्तर प्रदेश शासन

पशुधन अनुभाग - 2

संख्या: 1058-सैंतीस-2-2005-3 (11)/2004

लखनऊ, 29 मार्च, 2005

अधिसूचना

प0 आ0 –226

उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान अधिनियम, 2001 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 सन् 2001) की धारा 38 की उपधारा (1) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके, राज्यपाल निम्नलिखित उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा प्रथम परिनियमावली बनाते हैं–

उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा प्रथम नियमावली 2005

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1) यह परिनियमावली उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा 2005 कही जाएगी ।
2) यह इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावी होगी।

अध्याय–1

परिभाषा

इस परिनियमावली में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :–
(एक) ''अधिनियम'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय

पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, अधिनियम, 2001 से है।

(दो) ''संघटक महाविद्यालय'' का तात्पर्य ऐसे महाविद्यालय या संस्था से है जो विश्वविद्यालय के नियंत्रण में हो और जो मुख्य परिसर या अन्यत्र स्थापित हो ।

(तीन) ''सम्बद्ध महाविद्यालय'' का तात्पर्य ऐसे महाविद्यालय या संस्था से है जो विश्वविद्यालय के नियंत्रण में हो और इस अधिनियम और परिनियमावली के उपबंध के अनुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो ।

(चार) इस परिनियमावली में अपरिभाषित और अधिनियम में अप्रयुक्त शब्दों और, पदों का वही अर्थ होगा जो अधिनियम में समनुदेशित हो ।

(पॉच) ''विहित'' का तात्पर्य परिनियमावली द्वारा विहित से हैं।

अध्याय –2

विश्वविद्यालय के प्राधिकारी

विश्वविद्यालय के प्राधिकारी (अधिनियम की धारा 18)

(क) कार्य परिषद,

(ख) विद्या परिषद

(ग) वित्त समिति

(घ) परीक्षा समिति,

(ड.) ऐसे अन्य प्राधिकारी, जैसा कि परिनियमावली द्वारा घोषित किया जाय, विश्वविद्यालय के प्राधिकारी होंगे ।

कार्य परिषद

क– कार्य परिषद, अधिनियम की धारा 19 एवं 20 के उपबन्धों के अनुसार कार्य करेगी। विश्वविद्यालय की कार्य परिषद विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या अधिकारी को अपनी शक्तियां प्रतिनिधानित कर सकती है। कार्य परिषद् में किसी भी विषय पर निर्णय बहुमत से लिया जायगा। कार्य परिषद् के अध्यक्ष को किसी भी प्रकरण पर मत देने का अधिकार तभी होगा, यदि कुल मत बराबर–बराबर विभाजित हो और उसका मत निर्णयकारी कारक हो।

विद्या परिषद्

ख– विद्या परिषद् का गठन किया जायगा और वह अधिनियम की धारा 21 के उपबंधो के अनुसार शक्तियों और कर्तव्यों का प्रयोग करेगी। विद्या परिषद् में नामनिर्दिष्ट सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। सम्बन्धित संकाय बोर्ड प्रत्येक संबंधित संकाय से एक प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करेगा। *कुलपति द्वारा नाम निर्दिष्ट संकाय में कार्यरत चार आचार्यो को विद्या परिषद का सदस्य बनाया जायेगा।

* **संशोधन**: **कार्य परिषद् बैठक संख्या** 13 (18.12.2008), **प्रस्ताव संख्या** 02

वित्त समिति

ग–वित्त समिति का गठन किया जाएगा और वह अधिनियम की धारा 22 के उपबंधों के अनुसार शक्तियों और कर्तव्यो का प्रयोग करेगी।

परीक्षा समिति

ध– परीक्षा समिति अधिनियम की धारा 23 के उपबंध के अनुसार कार्य करेगी और तदनुसार धारा 23(1) के अधीन समिति के निम्नलिखित सदस्य होगें।

क– संकायाध्यक्ष/महाविद्यालय का प्राचार्य (अध्यक्ष)
(कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट)

ख– परीक्षा नियंत्रक (सचिव)

ग– कुल सचिव (सदस्य)
ध– कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट दो अध्यापक (सदस्य)

टिप्पणी– परीक्षा समिति के नामनिर्दिष्ट सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष अर्थात एक शैक्षणिक वर्ष होगा।

अन्य प्राधिकारी

ङ–ऐसे अन्य प्राधिकारी, जैसाकि परिनियमावली द्वारा घोषित किया जाए विश्वविद्यालय के प्राधिकारी होगें।

अधिनियम की धारा– 24 के अनुसार निम्नलिखित भी विश्वविद्यालय के प्राधिकारी होगें–

(एक) **संबंधित संकाय/महाविद्यालय का संकाय बोर्ड**:– संकाय बोर्ड संबंधित संकाय के समस्त शैक्षणिक मामलों में पर्यवेक्षण करेगा और परामर्श देगा और विद्या परिषद को उसके अनुमोदन के लिए अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।

अध्याय–3

9–विश्वविद्यालय के अधिकारी (अधिनियम की धारा 9)

विश्वविद्यालय के अधिकारी

(1) अधिनियम की धारा 9 के अधीन उपबंध के अनुसार विश्वविद्यालय के निम्न अधिकारी होगें–

क– कुलाधिपति
ख– कुलपति
ग– प्रति कुलपति
घ–कुलसचिव
ङ–वित्त अधिकारी
च–परीक्षा नियंत्रक
छ–संकायाध्यक्ष
ज– विश्वविद्यालय की सेवा में कार्यरत ऐसे अन्य व्यक्ति जैसा कि परिनयमावली द्वारा घोषित किया जाए, विश्वविद्यालय के अधिकारी होगें।

समस्त अधिकारी (क–छ) नियुक्त किये जायेगे और वे अधिनियम की धारा 10–16 के अधीन उपबंध के अनुसार शक्तियों और कर्तव्यों का प्रयोग करेगें।

अधिनियम की धारा 9 (ज) के अधीन कुलपति, विद्या परिषद की सिफारिश और कार्य परिषद के अनुमोदन पर विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी/अध्यापक को विश्वविद्यालय का अधिकारी घोषित कर सकता है। तद्नुसार (अधिनियम की धारा 9(ज) के अनुसार) विश्वविद्यालय के अन्य निम्नलिखित अधिकारी होगें:–

क– संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण
ख– निदेशक, अनुसंधान
ग– निदेशक, प्रसार
घ– विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष
ङ– निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवा नियोजन

नियुक्ति, शक्तियॉ एवं कर्तव्य

(2) 39(क) विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्तियां, शक्तियां एवं उनके कर्तव्य

ख– कुलपति–

कुलपति

(एक) नियुक्ति– अधिनियम के अध्याय 4 धारा 11 में किये गये उपबंध के

अनुसार की जाएगी।

(दो) शक्तियां एवं कर्तव्य– कुलपति की शक्ति और उसके कर्तव्य अधिनियम के अध्याय 4, धारा 12 में किये गये उपबंधों के अनुसार होगें।

ग– प्रतिकुलपति–

प्रति कुलपति

नियुक्ति, शक्तियां एवं कर्तव्य– अधिनियम के अध्याय 4, धरा 13 के अनुसार होगें।

घ– कुलसचिव–

कुलसचिव

*(एक) किसी विश्वविद्यालय का कोई अध्यापक तीन वर्ष की अवधि मे लिए कुलसचिव नियुक्त किया जा सकता है।

(दो) ऐसे अध्यापक को महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में कार्य करने का 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

(तीन) चयन समिति में कुलपति अध्यक्ष तथा सचिव, पशुधन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट दो सदस्य होगें जो कुलसचिव के पद पर अभ्यर्थी का चयन करेगी। समिति की सिफारिशें सचिव, पशुधन, उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित की जायेगी और उत्तर प्रदेश सरकार अधिसूचना जारी करेगी।

(चार) उपर्युक्त विकल्प (एक),(दो) और (तीन) के लिए उत्तर प्रदेश सरकार किसी प्रान्तीय सिविल सेवा के अधिकारी को अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्त कर सकती है।

(पांच) कुलसचिव की शक्ति और कर्तव्य, अधिनियम की धारा 14 के उपबंध के अनुसार होगें।

ङ– वित्त अधिकारी

वित्त अधिकारी

वित्त अधिकारी की नियुक्ति, शक्तियां एवं कर्तव्य, अधिनियम की धारा 16 एवं 17 के अनुसार होगें।

च– परीक्षा नियंत्रक

परीक्षा नियंत्रक

*(एक) किसी विश्वविद्यालय का कोई अध्यापक तीन वर्ष की अवधि के लिए परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया जा सकता है।

(दो) ऐसे अध्यापक को महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में कार्य करने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

(तीन) चयन समिति में कुलपति अध्यक्ष तथा सचिव, पशुधन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट दो सदस्य होगे जो परीक्षा नियंत्रक के पद के लिए अभ्यर्थी का चयन करेगी। समिति की संस्तुति सचिव, पशुधन, उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी जायेगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की जाएगी।

(चार) उपरोक्त (एक), (दो) और (तीन) के विकल्प के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार किसी प्रान्तीय सिविल सेवा के अधिकारी को अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्त कर सकती है।

(पांच) शक्तियां और कर्तव्य, अधिनियम की धरा 15 के उपबंध के अनुसार होगें।

*** अधिसूचना 23 मई 2006 पशुधन अनुभाग –2 संख्या 2000 सैतीस–2–2006–3(11) 2004 दिनांक 17 मई 2006**

छ–संकायाध्यक्ष–

संकायाध्यक्ष

संकाय का संकायाध्यक्ष संबंधित संकाय का अध्यक्ष होगा और इसके प्रशासन के लिए कुलपति के प्रति उत्तरदायी होगा। किसी संकाय के संकायाध्यक्ष को निम्नलिखित अधिकार और कर्तव्य होगें:–

(एक) वह संकाय के संबंधित विभाग के शिक्षण/शोध/विस्तार कार्य के संगठन और संचालन के लिए उत्तरदायी होगा और उक्त प्रयोजन के लिए यथा आवश्यक आदेश पारित करेगा।

(दो) वह परिनियमावली और संकाय से संबंधित अन्य विनियम के सम्यक अनुपालन के लिए उत्तरदायी होगा।

(तीन) वह संबंधित संकाय के बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेगा। वह संकाय के कार्यकलापों से कुलपति को समय–समय पर अवगत करायेगा।

(चार) वह संकाय के छात्रों के प्रवेश पंजीकरण और प्रगति का पर्यवेक्षण करेगा।

(पांच) वह संबंधित महाविद्यालय/संकाय के भवनों और उपस्कारों के समुचित अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।

(छः) वह संकाय के शासकीय कारोबार के संबंध में विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों, छात्रों और जनता से संवाद के लिए उत्तरदायी होगा।

(सात) वह संकाय के परामर्शदात्री समिति के परामर्श से संकाय का बजट तैयार करेगा।

(आठ) वह विभागाध्यक्षों, अध्यापकों और वैज्ञानिकों तथा स्वयं से संबंधित कर्मचारियों को छुट्टी स्वीकृत करेगा।

(नौ) वह कुलपति एवं कार्य परिषद द्वारा समनुदेशित किसी कार्य के लिए उत्तरदायी होगा।

ज–संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण–

(एक) वह छात्रों के लिए भोजनालय सुविधा की व्यवस्था करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(दो) वह एलेमिनाई एसोसिएशन की गतिविधियों के सुगम संचालन के लिए उत्तरदायी होगा।

(तीन) वह छात्रवृत्ति एवं ऐसे अन्य गतिविधियों की व्यवस्था करेगा।

(चार) वह छात्रों के रहने की व्यवस्था करेगा।

(पांच) वह अवकाश के समय छात्रों की यात्रा सुविधा प्राप्त करने की व्यवस्था करेगा।

(छः) वह विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम और छात्रों की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा पर सामान्य नियंत्रण रखेगा।

(सात) वह छात्र अनुशासन समिति का अध्यक्ष होगा।

(आठ) वह कुलपति या कार्य परिषद द्वारा समनुदेशित किसी कार्य के लिये उत्तरदायी होगा।

झ– निदेशक, अनुसंधान

निदेशक अनुसंधान

(एक) निदेशक, अनुसंधान संबंधित संकाय और महाविद्यालयों के संकायाध्यक्षों के समन्वय में विश्वविद्यालय में समस्त अनुसंधान कार्यो का समन्वय करेगा।

(दो) वह अध्यापकों द्वारा अनुसंधान परियोजनाओं की तैयारी के लिए

उत्तरदायी होगा और वह बाह्य और आन्तरिक अभिकरणों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने में सहायता करेगा।

(तीन) वह परियोजनाओं के लिए सहायता देने वाली अभकरणों के लिए अनुसंधान परियोजनाओं के सामयिक प्रस्तुतिकरण को सुनिश्चित करेगा।

(चार) वह अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(पांच) वह अनुसंधान परामर्शदात्री समिति के सचिव के रूप में कार्य करेगा और वह कुलपति को अनुमोदन के लिए अनुसंधान परामर्शदात्री समिति के सुझावों को प्रस्तुत करेगा। अनुसंधान परामर्शदात्री समिति का गठन निम्नवत् होगाः–

कुलपति–	(अध्यक्ष)
संकायाध्यक्ष	(सदस्य)
महाविद्यालयों के प्राचार्य	(सदस्य)
निदेशक, प्रसार	(सदस्य)
निदेशक, अनुसंधान	(सचिव)

(छः) समिति विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्य की विस्तृत रूपरेखा तैयार करेगी तथा समय–समय पर अनुसंधान की प्रगति का अनुश्रवण करेगी।

(सात) वह कुलपति एवं कार्यपरिषद द्वारा समनुदेशित किसी कार्य के लिए उत्तरदायी होगा।

(ञ) निदेशक, प्रसारः–

निदेशक प्रसार

(एक) निदेशक, प्रसार सम्बद्ध महाविद्यालयों के संकायाध्यक्षों और प्राचार्यो के समन्वय से समस्त प्रसार कार्यक्रमों और क्रियाकलापों की योजना बनाएगा और उनका निस्तारण करेगा।

(दो) निदेशक, प्रसार विभिन्न संकायों, महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान केन्द्रों से पशुपालकों और किसानों तक सूचना पहुंचाने के लिए उत्तरदायी होगा।

(तीन) प्रसार हेतु कार्यरत विषय विशेषज्ञों को संबंधित संकाय या सम्बद्ध महाविद्यालय के विभागों से सम्बद्ध किया जाएगा।

(चार) निदेशक, प्रसार प्रसार क्रियाकलापों के लिए संकाय या सम्बद्ध महाविद्यालयों के अधिकारी (अधिकारियों) और तकनीकी कर्मचारियों से सहायता ले सकता है।

(पांच) निदेशक, प्रसार कुलपति को उसके अनुमोदन के लिए प्रसार परामर्शदात्री समिति के सुझावों को प्रस्तुत करेगा। समिति का गठन निम्नवत् होगाः–

कुलपति–	(अध्यक्ष)
संकायाध्यक्ष	(सदस्य)
महाविद्यालयों के प्राचार्य	(सदस्य)
निदेशक, अनुसंधान	(सदस्य)
निदेशक, प्रसार	(सचिव)

(छः) समिति राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रसार क्रियाकलापों के लिए कार्यक्रम तैयार करेगा।

(सात) निदेशक, प्रसार अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के

आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के लिए उत्तरदायी होगा।
(आठ) वह कुलपति एवं कार्यपरिषद के अधिकारियों द्वारा समनुदेशित किसी कार्य के लिए उत्तरदायी होगा।

प–विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष

विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष

(एक) वह विश्वविद्यालय पुस्तकालय का रख–रखाव करेगा।
(दो) वह सीधे कुलपति के प्रति उत्तरदायी होगा।
(तीन) वह विश्वविद्यालय पुस्तकालय का वार्षिक बजट तैयार करेगा।
(चार) वह अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के लिए उत्तरदायी होगा।
(पांच) वह कुलपति एवं कार्यपरिषद द्वारा समनुदेशित किसी कार्य के लिए उत्तरदायी होगा।

फ– निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षणः–

निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण

(एक) वह कुलसचिव से स्नातक छात्रों के समस्त अभिलेख प्राप्त करेगा।
(दो) वह पंजीकृत स्नातकों के लिए पूर्वपेक्षित कर्मचारियों से सम्पर्क स्थापित करेगा।
(तीन) वह स्नातकों के आगे की शिक्षा और व्यवसाय के लिए मार्गदर्शन की व्यवस्था करेगा।

अध्याय–4
विभाग

विभाग शिक्षा और प्रशासन के प्राथमिक इकाई होगें। ये संकाय/संस्था और सम्बद्व महाविद्यालयों के अध्यापन, अनुसंधान और समुचित प्रसार कार्यक्रमों को जारी रखेगें।

विभागाध्यक्षः–

विभागाध्यक्ष

1. विभागाध्यक्ष विभाग के कार्य के संगठन के लिए उत्तरदायी होगा।
2. वह विभागीय बजट तैयार करेगा।
3. वह विभाग के अध्यापन, अनुसंधान और प्रसार कार्य के सम्बन्ध में महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष या प्राचार्य को रिपोर्ट करेगा।
4. वह विभागीय सम्पत्ति के समुचित देखभाल, अनुरक्षण और अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा।
5. वह महाविद्यालय के संकायाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा समनुदेशित किसी कार्य के लिए उत्तरदायी होगा।
6. वह विभाग के अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों को आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के लिए हकदार होगा।
7. *(क) विभाग में कार्यरत आचार्यों में से विभागाध्यक्ष की नियुक्ति वरिष्ठता के क्रम में अनुउपयुक्त को छोड़ते हुए, संकायध्यक्ष/प्राचार्य की संस्तुति पर कुलपति द्वारा की जायेगी ।

*(ख) विभागाध्यक्ष के कार्यकाल की अवधि योगदान की तिथि से तीन वर्ष होगी जिसका विस्तार नहीं होगा।

***संशोधन**: **कार्य परिषद् बैठक संख्या** 07 (20.12.2005), **प्रस्ताव संख्या** 15

अध्याय–5

अध्यापकों और अधिकारियों की नियुक्ति एवं सेवा शर्ते

अध्यापकों की नियुक्ति

1. अध्यापकों की नियुक्ति अधिनियम के अध्याय–7 की धारा 32 (1–3) में उपबंधित व्यवस्था के अनुसार की जायेगी।

चयन समिति

2. संकायाध्यक्षों/प्राचार्यो, निदेशकों, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, संकाय के अन्य अधिकारियों और अध्यापकों और महाविद्यालय (महाविद्यालयों) के अध्यापकों के लिए चयन समिति, नीचे यथा उल्लिखित विश्वविद्यालय अधिनियम के अध्याय–सात की धारा (4 क–घ) के अधीन किये उपबंधों के अनुसार गठित की जायेगीः–

(एक) **कुल सचिव/परीक्षा नियंत्रक**

क– कुलपति	(अध्यक्ष)
ख–सचिव, पशुधन द्वारा नामनिर्दिष्ट दो सदस्य	(सदस्य)

(दो) **वित्त अधिकारी**– वित्त अधिकारी की नियुक्ति राज्य सरकार की अधिसूचना द्वारा की जायेगी।

(तीन) **संकायाध्यक्ष/महाविधालयों के प्राचार्य**– का चयन, अधिनियम के अध्याय–7 की धारा 32 के अधीन व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा।

(चार) **संस्थान के निदेशक**– का चयन, अधिनियम के अध्याय–7 की धारा 32 के अधीन की गयी व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा।

(पांच) **अध्यापक (आचार्य, सह–आचार्य एवं सहायक आचार्य)**– का चयन, अधिनियम के अध्याय–7 की धारा 32 के अधीन की गई व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा।

(छः) **विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी–**

(i)	कुलपति या कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट महाविद्यालय का संकायाध्यक्ष/ प्राचार्य	(अध्यक्ष)
(ii)	कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट दो विशेषज्ञ का संकायाध्यक्ष/प्राचार्य	(सदस्य)

(सात) **विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी–**

कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट महाविद्यालय का संकायाध्यक्ष/प्राचार्य

क– कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट महाविद्यालय का संकायाध्यक्ष/ प्राचार्य	(अध्यक्ष)
ख– कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट दो आचार्य	(सदस्य)

*(आठ) संकायध्यक्ष/प्राचार्य के कार्यकाल की अवधि योगदान की तिथि से तीन वर्ष होगी।

***संशोधन: कार्य परिषद् बैठक संख्या** 07 (20.12.2005), **प्रस्ताव संख्या** 15

3– विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी, जिसकी सेवा अवधि के दौरान असामयिक मृत्यु हो जाती है या स्थायी रूप से विकलांग हो जाता है, का आश्रित (पत्नी या पति, पुत्र, अविवाहित पुत्री और विधवा पुत्री) श्रेणी तीन या चार के किसी शिक्षणेत्तर पद जिसके लिए वह उपयुक्त हो, और न्यूनतम अर्हताओं को पूरा करता हो, पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन बिना

चयन प्रक्रिया के नियुक्त किया जा सकता हैः–

*क. विश्वविद्यालय सेवक की नियुक्ति नियमित रूप से अर्थात सेवा में भर्ती के लिए विहित प्रक्रिया के अनुसार हो रही हो अथवा

ख यदि उसकी नियुक्ति तदर्थ रूप से हुई हो तो उसने नियमित रिक्ति में तीन वर्ष की निरन्तर सेवा किया हो अथवा

ग. वह स्थाई सेवक रहा हो, तथा

घ. उस विश्वविद्यालय सेवक की सेवाकाल में मृत्यु हुई हो ।

ड. मृत विश्वविद्यालय सेवक पुरूष रहा हो तो उसकी पत्नी किसी राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार अथवा राज्य या केन्द्र सरकार के स्वामित्वाधीन या नियन्त्रणधीन किसी निगम या विश्वविद्यालय में पहले से सेवायोजित न हो,

च. यदि मृत कर्मचारी सेवक महिला रही हो तो उसका पति किसी राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार अथवा राज्य या केन्द्र के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या विश्वविद्यालय में पहले से सेवायोजित न हो,

छ. मृतक आश्रित के रूप में सेवायोजन के लिए मॉग करने के लिए व्यक्ति द्वारा मृत सेवक की मृत्यु के दिनांक से 5 वर्ष के अन्दर सेवायोजन के लिए आवेदन कर दिया हो।

***संशोधन: कार्य परिषद् बैठक संख्या** 10 (03.12.2007), **प्रस्ताव संख्या** 3

7–1 विश्वविद्यालय के अधिकारी, अध्यापक और अन्य कर्मचारी उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के उपबंध के अनुसार कार्यभार ग्रहण करने के मास के प्रथम दिन से वार्षिक वेतनवृद्वि के लिए हकदार होंगे।

2– यदि किसी कर्मचारी की अधिवर्षता का सम्यक दिनांक, मास के अन्तिम दिनांक के सिवाय उस मास के किसी दिनांक को पडता है तो ऐसा कर्मचारी संबंधित मास के अन्तिम दिनांक को विश्वविद्यालय की सेवा से सेवानिवृत्त होगा।

3– सेवांत अवकाश नकदीकरण की प्रसुविधाएं, उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेशों के उपबंधों के अनुसार लागू होंगी।

4– अधिवर्षिता के पश्चात पेंन्शन और अन्य सेवानैवृत्तिक, प्रसुविधाएं उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के उपबंध के अनुसार लागू होंगी।

8–1 कार्य परिषद को कुलाधिपति की पुष्टि के अध्यधीन विद्या परिषद की सिफारिश पर सम्मानिक उपाधि और अन्य शैक्षिक विशिष्टयां प्रदान करने की शक्ति होगी।

2– सम्मानिक उपाधि प्रदान करने के समस्त प्रस्ताव, कुलपति द्वारा गठित समिति को किये जायेगें। समिति की सिफारिशें विद्या परिषद के समक्ष रखी जाऐगी। विद्या परिषद की सिफारिश कार्य परिषद को भेजी जाएगी। कार्य परिषद का संकल्प विश्वविद्यालय के कुलाधिपति को उसके अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। सम्मानिक उपाधि/डिप्लोमा कुलाधिपति के अनुमोदन के पश्चात ही अधिनिर्णीत किया जाएगा।

9– विश्वविद्यालय विद्या परिषद की सिफारिश तथा कार्य परिषद के अनुमोदन पर उसके द्वारा प्रदान किये गये किसी डिग्री या डिप्लोमा को किसी व्यक्ति से निम्न आधार पर वापस लेगाः–

(क) किसी अपराध के लिए किसी न्यायालय द्वारा दोषसिद्वि जो विद्या परिषद या कार्य परिषद की राय में गम्भीर अपराध है जिसमें नैतिक अधमता सम्मिलित हो।

(ख) विश्वविद्यालय देयों के संदाय में व्यतिक्रम।

10– कार्य परिषद द्वारा इस संबंध में समय–समय पर अनुमोदित विनियमों का अनुसरण किया जाएगा।

11– विश्वविद्यालय, विद्या परिषद द्वारा निर्धारित और कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित शर्तो पर निम्नलिखित उपाधि और डिप्लोमा प्रदान करेगाः–

(क) विद्या परिषद की सिफारिश और कार्य परिषद के अनुमोदन पर पशुचिकित्सा संकाय में पूर्व स्नातक (पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन) और स्नातकोत्तर उपाधि (पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन एवं पी.एचडी.) और अन्य संकायों में पूर्वस्नातक और स्नातकोत्तर उपाधियॉ।

(ख) विद्या परिषद की सिफारिश और कार्य परिषद के अनुमोदन पर डिप्लोमा प्रदान किये जायेंगे।

12–(क) छात्रों का प्रवेश, शैक्षिक विनियम–2004 या विद्या परिषद द्वारा समय–समय पर यथा संशोधित विनियम के आधार पर किया जाएगा।

(ख) छात्रों का पंजीयन प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में किया जाएगा। कुलसचिव विश्वविद्यालय शुल्क जमा किये जाने और पंजीयन किये जाने के पश्चात ही नामांकन करेगा।

(ग) छात्रों का नामांकन विद्या परिषद द्वारा स्थापित विनियमों के आधार पर होता रहेगा।

(ध) विश्वविद्यालय निम्नलिखित के लिए एक या उससे अधिक परीक्षाएं संचालित करेगाः–

प्रवेश परीक्षा, अर्हता परीक्षा, मध्यकालिक परीक्षा, अन्तिम परीक्षा, पूर्व अन्तिम परीक्षा, वार्षिक परीक्षा, घोषित और अघोषित परीक्षा, लधु प्रश्न परीक्षा, प्रेक्टिकल परीक्षा, मौखिक परीक्षा, विद्या परिषद द्वारा यथा अनुमोदित किसी अन्य प्रकार की परीक्षा।

(ङ) प्रत्येक पाठ्यक्रम में परीक्षाओं के अंक, विद्या परिषद द्वारा निर्धारित शर्तो के साथ शैक्षिक सत्र की समाप्ति पर अन्तिम परीक्षा के परिणाम में जोडे जायेगे। प्रश्नपत्रों को बनाने और उनके मूल्यांकन के लिए केवल संबंधित विषयों के परीक्षक प्राधिकृत है।

(च) प्रश्नपत्रों के उत्तर विश्वविद्यालय द्वारा विहित माध्यम में दिये जाऐगे।

(छ) किसी अध्ययन/पाठ्यक्रम या कार्यक्रम, प्रवेश परीक्षा, उपाधियों और अन्य शैक्षिक विशिष्टयों के लिए फीस संरचना, विद्या परिषद की सिफारिश पर कार्य परिषद द्वारा नियत किया जायेगा।

13– अधिछात्रवृत्तियां, छात्रवृत्तियां, विद्यावृत्तियां, छात्र सहायता वृत्तियां पदक और पारितोषिक विद्या परिषद द्वारा संस्तुत और कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित विनियमों के अनुसार प्रदान किये जाएगें।

14– परीक्षा निकायों, परीक्षकों और अनुसीमकों की पदावधि और नियुक्ति की रीति और परीक्षा निकायों के कर्तव्यों सहित परीक्षाओं का संचालन विद्या

परिषद द्वारा संस्तुत और कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित विनियमों के अनुसार होगा।

अध्याय–6
अधिनियम की धारा 39

1– **कुलपति की सेवा की परिलब्धियॉ और निबंधन एवं शर्तेः–**

(**एक**) कुलपति की नियुक्ति अधिनियम द्वारा निर्धारित रीति से की जाएगी, वह निःशुल्क सुसज्जित आवास के लिए हकदार होगा। कुलपति आवास व उससे संलग्न भूमि का रखरखाव विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

(**दो**) कुलपति भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और राज्य सरकार द्वारा यथा अधिसूचित वेतनमान प्राप्त करेगा और प्रभार, यदि कोई हो, समय–समय पर विश्वविद्यालय में सीधे और स्वतः लागू होंगे।

(**तीन**) कुलपति विश्वविद्यालय भविष्य निधि की प्रसुविधाओं के लिए हकदार नही होगा।

(**चार**) कुलपति, सक्रिय सेवा में व्यतीत की गयी अवधि के 1/11 भाग तक के लिए पूर्ण वेतन पर उपार्जित अवकाश का हकदार होगा।

ऊपर वर्णित अवकाश के अतिरिक्त कुलपति को बीमारी अथवा अपने व्यक्तिगत कार्यो के मामले में अपने तीन वर्ष के सेवाकाल में अनधिक 3 मास की अवधि तक बिना वेतन का अवकाश अर्जित करने के लिए हकदार होगा परन्तु बिना वेतन के लिये गये अवकाश के उस सीमा तक पूर्ण अवकाश में अन्ततः अन्तरित किया जा सकता है जिस सीमा तक अवकाश देय हो गया हो।

(**पांच**) कुलपति मुख्य परिसर के बाहर से (लेकिन भारत में) कर्तव्यों का निर्वहन कर सकता है और इसके लिए कोई लिखित अनुमति अपेक्षित नही है।

(**छः**) कुलपति को किसी लिखित अनुबन्ध की आवश्यकता नही होगी।

(सात) कुलपति को, यदि अपने मूल विभाग/संगठन से प्रतिनियुक्ति पर कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के लिए अवमुक्त किया जाता है तो विश्वविधालय मूल विभाग/संगठन को पेंशन संबंधी प्रसुविधाओं और वेतन अंशदान का भुगतान करेगा।

2– विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों की संख्या, अर्हताएं और परिलब्धियां।

(क) प्रत्येक विभाग में अध्यापकों की संख्या और उनकी अर्हता की सिफारिश विद्या परिषद द्वारा की जाएगी और अनुमोदन कार्य परिषद द्वारा किया जाएगा।

(ख) विश्वविद्यालय के अन्य वेतनभागी कर्मचारियों की संख्या और उनकी अर्हताऐं कुलपति द्वारा संस्तुत और कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित होगी।

(ग) शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग की परिलब्धियां ऐसी होगी जैसा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/राज्य सरकार की सिफारिश के आधार पर कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित किया जाए। अन्य भत्ते और वित्तीय प्रसुविधाएं उत्तर प्रदेश

सरकार के शासनादेश के अनुसार होगी।

(ध) विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों की परिलब्धियां वही होंगी जो कुलपति द्वारा संस्तुत की जाएं और कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित की जाएं, अन्य भत्ते और वित्तीय प्रसुविधाएं उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के अनुसार होंगी।

(ङ) विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अध्यापकों और कर्मचारियों के वेतन निर्धारण से संबंधित मामलों में कुलपति का विनिश्चय अन्तिम होगा।

(च) यथास्थिति कार्य परिषद या कुलपति को न्यूनतम वेतनमान से अधिक वेतनमान वर्द्धित वेतनवृद्वि, भत्ता आदि, जैसा वे उचित समझे, को अनुमोदित करने की शक्ति होगी।

(छ) कार्य परिषद को विशेष मामलों में अन्य उपबंधों द्वारा अनाच्छादित कोई पद सृजित करने की शक्ति होगी।

(ज) कुलपति को विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अध्यापकों और कर्मचारियों को मजदूर अतिकालिक प्रभारों और अन्य परिलब्धियों (व्यावसायिक समनुदेश आदि के लिए वाहन प्रभारो, मानदेय, पारिश्रमिक सहित) के सदस्य को अनुमोदित करने की शक्ति भी होगी।

(झ) कुलपति को निम्नलिखित को अनुमोदित करने की शक्ति होगीः—

(एक) सामान्य कर्तव्यों के अधीन अनाच्छादित कार्य करने के लिए विश्वविद्यालय के बाहरी व्यक्तियों और नियमित कर्मचारी वर्ग के लिए विभिन्न पारिश्रमिक दर।

(दो) विश्वविद्यालय के विभिन्न श्रेणी के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों की मजदूरी/परन्तु इस प्रकार नियत की गयी मजदूरी राज्य सरकार द्वारा या सरकार द्वारा अवधारित किसी प्राधिकारी द्वारा समान श्रेणी के लिए नियत मजदूरी से अधिक नही होगी।

(तीन) प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा संचालन से संबंधित विभिन्न कार्यो के पारिश्रमिक का भुगतान समय—समय पर कुलपति द्वारा प्रस्तावित और कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित दरों के अनुसार किया जाएगा।

3— सेवा शर्ते, नियुक्ति, निलम्बन तथा निष्कासनः—

(क) प्रतिनियुक्ति पर सरकारी सेवकों के मामलों के अलावा विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों से विश्वविद्यालय की सेवा में कार्यभार ग्रहण करते समय कोई लिखित संविदा करने की अपेक्षा की जाएगी।

(1) अधिनियम की धारा 51 (ग) में किये गये उपबंध के अनुसार पूर्व विश्वविद्यालय के प्रत्येक पूर्णकालिक अध्यापकों/कर्मचारियों और अधिकारियों की सेवाएं विश्वविद्यालय को उन निबंधन और शर्तो पर अन्तरित होंगी जैसा कि वे ऐसे अन्तरण के ठीक पूर्व थी।

(2) उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा के सृजन से पहले पूर्व विश्वविद्यालय से अधिवर्षिता प्राप्त प्रत्येक अध्यापकों/कर्मचारियों और अधिकारियों के पेंशन संबंधी प्रसुविधा तथा अन्य वित्तीय

प्रसुविधाओं का भुगतान उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा द्वारा किया जाएगा।*

* **अधिसूचना 23 मई 2006 पशुधन अनुभाग –2 संख्या 2000सैतीस–2–2006–3(11)2004 दिनांक 17 मई 2006**

(ख) किसी स्थाई पद के विरूद्व परिवीक्षा पर नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति की विश्वविद्यालय द्वारा विहित रीति से चिकित्सीय परीक्षण किया जाएगा और पुलिस उसकी पूर्व वृत्तिअयों को सत्यापित करेगी।

(ग) विश्वविद्यालय का प्रत्येक कर्मचारी, किसी स्थाई पद पर प्रथम नियुक्ति पर परिवीक्षा पर रहेगा।

(ध) परिवीक्षा अवधि सामान्यतः दो वर्ष की होगी, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी इसे बढा सकता है, यदि संबंधित अधिकारी, अध्यापक या कर्मचारी का कार्य और आचरण असन्तोषजनक पाया जाता है।

(ङ) परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर कर्मचारी का स्थायीकरण किया जा सकता है बशर्ते कि उसका कार्य और आचरण संन्तोषजनक पाया जाय। यदि उसका स्थायीकरण न हो तो उसकी सेवाएं परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर समाप्त हुई समझी जाएगी।

(च) विश्वविद्यालय के परिसर के भीतर या बाहर किसी समकक्ष पद पर किसी अधिकारी या कर्मचारी को विश्वविद्यालय स्थानान्तरित कर सकता है।

(छ) सामान्यतः विश्वविधालय के अधिकारी अध्यापक और कर्मचारी इस संवर्ग के प्रारम्भिक मूल वेतन के हकदार होंगे तथापि चयन समिति की सिफारिश पर नियोक्ता उच्चतम वेतन अनुमोदित कर सकता है।

(ज) वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी, अध्यापक या कर्मचारी से प्राप्त की जाएगी।

(झ) यदि विश्वविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी/अध्यापक की अधिवर्षिता संबंधित माह के मध्य किसी दिनांक को पडती है तो ऐसा कर्मचारी संबंधित माह के अन्तिम दिवस को सेवानिवृत्त होगा। वेतनवृद्वि संबंधित माह के प्रथम दिवस को अनुज्ञात किया जाएगा।

(ट) यदि अधिनियम या परिनियमावली में अन्यथा उपबंधित न हो तो विश्वविधालय के अधिकारियों, अध्यापकों या कर्मचारियों की नियुक्ति, सेवा से निष्कासन या वेतन किसी अन्य प्रकार का दण्ड, जिसमें वेतनवृद्वि रोकने का प्राधिकार सम्मलित है, नियुक्ति प्राधिकारी पर निर्भर होगा।

(ठ) तथापि कुलपति इस संबंध में निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग करेगाः–

(एक) ऐसी जांच करना जैसा कि वह विश्वविद्यालय के किन्ही अधिकारियों, अध्यापकों या कर्मचारियों की ओर से अनियमितताओं या दुराचरण के आरोपों सहित तथ्य अभिनिश्चत करने और डाटा संगृहित करने के लिए आवश्यक समझे।

(दो) विश्वविद्यालय के किन्ही अधिकारियों, अध्यापकों या कर्मचारियों का स्पष्टीकरण मांगना।

(तीन) किन्ही अधिकारियों, अध्यापकों या कर्मचारियों के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाहियां प्रारम्भ करना और संचालित करना।

(चार) लघु दंड देना तथा चरित्र पंजिका में प्रविष्टि या अनधिक तीन वर्ष तक वार्षिक वेतनवृद्वियां रोकना।

(पांच) यदि दण्ड का आदेश कुलपति द्वारा हो तो प्रभावित व्यक्ति को आदेश जारी होने के दिनांक से तीन माह के भीतर कार्य परिषद को अपील करने का अधिकार होगा।

(छः) तथापि जहां अभिकथन या आरोप गम्भीर प्रकृति के हों तो कुलपति विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी को उसके विरूद्व जांच जारी रहने या उसके लम्बित रहने के दौरान निलम्बित कर सकता है।

4– विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी, अध्यापक या कर्मचारी की सेवायें नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा केवल निम्न आधारों पर समाप्त की जा सकती हैः–

(एक) संबंधित प्राधिकारी के आदेशों के अवहेलना सहित अवचार।

(दो) किसी कृत्य का किया जाना, जिसमें नियुक्ति प्राधिकारी की राय में नैतिक अधमता सम्मिलित है।

(तीन) विश्वविद्यालय की निधियां एवं सम्पत्ति का दुरूपयोग।

(चार) भ्रष्टाचार।

(पांच) शारीरिक असमर्थता, चित्त विकृति।

(छः) पद समापन।

5– प्रत्येक कर्मचारी, जिसके विरूद्व अनुशासनिक कार्यवाही किया जाना अभिप्रेत हो, को विश्वविद्यालय के प्राधिकारी को लिखित रूप में प्रत्यावेदन करने का अवसर दिया जाएगा।

6– जब किसी कर्मचारी, जो निलम्बित हो, को अन्ततः पुनः स्थापित किया जाता है तो वह तब तक पूर्ण वेतन पायेगा जब तक संबंधित प्राधिकारी द्वारा दण्ड स्वरूप निलम्बन अवधि के लिए की जाने वाली कटौती का आदेश न दिया गया हो।

7– निलम्बित व्यक्ति निलंबन अवधि में किसी भी प्रकार के अवकाश के लिए हकदार नही होगा।

8– वेतनवृद्वि सामान्यतः आहरित होती रहेंगी बशर्ते कि संबंधित प्राधिकारी द्वारा वेतनवृद्वि रोकने का आदेश न दिया गया हो।

9– जहॉ कोई दक्षता रोके समयमान वेतनमान में विहित किया गया हो वहॉ दक्षता रोक के ऊपर की वेतनवृद्वि संबंधित प्राधिकारी के विनिर्दिष्ट अनुमोदन के बिना नही दी जाएगी।

10– अधिकारी, अध्यापक या कर्मचारी अपना सम्पूर्ण समय विश्वविद्यालय की सेवा के लिए अर्पित करेंगे और किसी व्यापार या कारोबार में नही लगायेगे या प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना राजनीति में सक्रिय रूप में भाग नही लेगे।

11– कर्मचारी विश्वविद्यालय की सेवा की अवधि के दौरान विश्वविद्यालय के बाहर की सेवा के लिए निम्नलिखित शर्तो के अधीन आवेदन कर सकता हैः–

(एक) कर्मचारी वर्ग के सदस्यों को विश्वविद्यालय के बाहर सीधे किसी सेवा के लिए आवेदन करने की अनुज्ञा नही होगी। ऐसे आवेदन अग्रिम पारेषण के लिए उचित माध्यम से कुलपति को प्रस्तुत किये जायेगे।

(दो) ऐसे सभी आवेदन कुलपति कार्यालय में समय से पहुॅच जाने चाहिए।

12– सेवा अभिलेख (चरित्रपंजी)

विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों के सेवा और कियाकलापों के अभिलेख कुलपति द्वारा विहित रीति से कुलपति कार्यालय में अनुरक्षित किये जायेगे। सेवा अभिलेख या चरित्रपंजी में प्रविष्ट प्रतिकूल अभ्युक्तियों की संसूचना कर्मचारी को लिखित रूप में दी जायेगी।

13– पदोन्नतियॉः–

(एक) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति, ज्येष्ठता और उपयुक्तता के आधार पर वरिष्ठ चतुर्थ श्रेणी और तृतीय श्रेणी के पदों पर की जा सकती है बशर्ते कि वे सरकारी विनियमों के अनुसार न्यूनतम अपेक्षाओं को पूर्ण करते हो।

(दो) कनिष्ठ लिपिक से वरिष्ठ लिपिक, वरिष्ठ लिपिक से प्रधान लिपिक, प्रधान लिपिक से प्रधान सहायक, प्रधान सहायक से सहायक लेखा अधिकारी या सहायक रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नतियां ज्येष्ठता और उपयुक्तता के आधार पर की जायेगी बशर्ते कि व्यक्तियों के पास उक्त पद के लिए अपेक्षित और विहित अर्हता हो।

(तीन) प्रयोगशाला सहायकों की पदोन्नति सरकार द्वारा वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के पद सृजन के शर्त के अध्यधीन वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक और ज्येष्ठता और उपयुक्तता के आधार पर प्रयोगशाला तकनीकी के पद पर की जा सकती है बशर्ते कि व्यक्तियों के पास उक्त पद के लिए अपेक्षित और विहित अर्हता हो।

(चार) विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों की पदोन्नतियां, सरकारी आदेशों के उपबंधों के अनुसार की जायेगी।

(पांच) अध्यापकों की पदोन्नति विश्वविधालय अनुदान आयोग/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये व कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित आदेशों के अनुसार किया जाएगा।

अध्याय–7

घारा 39 (ट)

16– विश्वविद्यालय में निम्न संकाय होगें– संकाय

(एक) पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन

(दो) अन्य कोई संकाय, जो कार्य परिषद से अनुमोदित हो।

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह आयोजित करने के लिए नियम

दीक्षांत समारोह

1. Ordinarily one or more Convocations for conferring degrees shall be held each year at any Campus of the University Head Quarters of the Vishwa Vidyalaya on such date and at

such time as the Chancellor may appoint.

2. Not less than four week's notice shall be given by the Registrar of all meetings of the Convocation by notification in the news papers.
3. The candidate desiring to take the degree in person shall apply to the Registrar on the prescribed form obtainable from the office of the Vishwa Vidyalaya. The applications must reach the Registrar ten days before the date fixed for the Convocation accompanied by a fee of Rs. 50/-
4. The Vishwa Vidyalaya will supply uttariya to the candidates receiving degrees in person on payment of Rs.25/-. This uttariya fee of Rs. 25/- will in no case be refunded or adjusted towards fee for obtaining degrees in absentia.
5. The candidates who do not present themselves in person at the Convocation will be treated as receiving degrees in absentia. Such candidates shall apply to the Registrar in the prescribed application form and the fee for obtaining the degree in absentia will be Rs.300/- for all such students.
6. Candidates must appear in the prescribed academic dress at the time of convocation.
7. A rehearsal shall be arranged a day before or on the day of Convocation as required at which candidates for Degree must be present. Candidates absentee from rehearsal will not be allowed to participate in Convocation.
8. The Registrar shall issue a notice to each recipient of a Degree intimating the convocation programme and the procedure to be observed.
9. The academic robe for the convocation shall be as follows:
    (I) Black gown and black hood with appropriate uttariya for non-Ph.D.'s.
    (II) Red gown with red hood with appropriate uttariya for Ph.D.'s .

Member of Procession: Maroon colour with golden embroidery in the uttariya of the chief guest, the Chancellor and the Vice-Chancellor; silver embroidery of others.

Faculties: Blue uttariya for Veterinary Faculty. Uttariya for graduates will have yellow ribbons, those of post-graduates will have saffron ribbons and those of Ph.D.'s will have red ribbons.

University seal will be printed or embroidered on both ends of the uttariya at about ½ metre above each end.

"CONVOCATION PROCEDURE"

1. The Chancellor, the Chief Guest, Vice-Chancellor, and

Members of the Executive council and Members of the Academic Council shall assemble in the place notified for the purpose at the appointed hour and shall walk in procession in prescribed academic robe in rows of two in the following order to the Convocation hall. The procession will be led by the Registrar.

REGISTRAR

MEMBERS OF ACADEMIC COUNCIL, HEADS OF DEPARTMENTS

DEANS OF FACULTIES

MEMBERS, EXECUTIVE COUNCIL

VICE-CHANCELLOR

AND

A.D.C A.D.C

CHANCELLOR CHIEF GUEST

SECRETARY TO CHANCELLOR

2. The Chancellor, the Chief Guest, the Vice-Chancellor and the Registrar shall be seated in the front row on the dias and the Members of the Executive council and Academic Council will be seated in the next row. The recipients of degrees honoris causa will be seated in the front row by the sides of the dias.
3. On the procession entering the hall, the assembly shall rise and remain standing till members of the procession have taken their seats on the dias.
4. The proceedings of the Convocation will commence the singing of Bande-Matram to be followed by University song. Then the Chancellor will declare the Convocation open and in his absence, the Vice-Chancellor will do so. The Vice-Chancellor will say, Mr. Chancellor, I request you to declare the …… Convocation of U.P Pt. Deen Dayal Upadhaya Pashu Chikitsa Vigyan Vishwa Vidhyalaya Evem Anusandhan Sansthan open." The Chancellor will say, "I declare the…… Convocation of U.P Pt. Deen Dayal Upadhaya Pashu Chikitsa Vigyan Vishwa Vidhyalaya Evem Anusandhan Sansthan open."
5. The Vice-Chancellor shall read out his report.
6. After the report of the Vice-Chancellor is over there will the exhortations as mentioned below by him:

कुलपतिः मैं दीक्षा देता हूँ
सत्य बोलो,
कर्तव्य–पालन करो,
अध्ययनशील रहो।

स्नातकगणः मै प्रतिज्ञा करता हूँ।
कुलपति स्वस्थ बनो,
समृद्ध बनो,
उदार बनो।

स्नातकगणः मैं प्रतिज्ञा करता हूँ।
कुलपति देश को बलवान बनाओ,
देश को सुखी बनाओ,
देश को गौरवपूर्ण बनाओ।

स्नातकगणः मैं प्रतिज्ञा करता हूँ।
कुलपति पशुधन के विकास के लिए
नए–नए अनुसंधान करो,
नए ज्ञान का अध्ययन करो
अनुसंधान के परिणामों का प्रसार करो।

स्नातकगणः मैं प्रतिज्ञा करता हूँ।
कुलपति सत्य से विचलित न होना।
कर्तव्य से विचलित न होना।
उत्थान–कार्य से विचलित न होना।
कल्याण–कार्य से विचलित न होना।

स्नातकगणः मैं प्रतिज्ञा करता हूँ।
कुलपति तुम्हारा जीवन मंगलमय हो।

7. The Honorary Degrees, if any, shall then be presented.

8. This Registrar, will then request the Deans of the Faculties to present students for the award of degrees provided that degrees to Ph.D. scholars shall be awarded individually. The Deans shall present their students in the following order.

Ph.D
M.V.Sc.
B.V.Sc.& A.H.

All the presentees will stand when the Dean present them to the Chancellor/Vice-Chancellor for the degrees and will remain standing till they are admitted to the Degrees.

9. Deans will say:

"Mr. Chancellor/Vice-Chancellor, I present to you

Shri……./……. Candidates who has/have been examined and found qualified for the degrees of…….to which I pay he/they may be admitted.

The Chancellor/Vice-Chancellor will say:

"By virtue of the powers vested in me as Chancellor/Vice-Chancellor of U.P Pt. Deen Dayal Upadhaya, Pashu Chikitsa Vigyan Vishwa Vidhyalaya Evem Anusandhan Sansthan, I admit you/one and all, to …… Degree and I charge you that ever in your life and activities you prove yourselves worthy of the same.

10. After the distribution of Degree is over, the Registrar shall call the recipients of merit Medals and prizes. They shall stand before the Chancellor/Vice-Chancellor who shall present the medals.
11. The Chancellor/Vice-Chancellor will introduce the Chief Guest and request him to deliver the Convocation address.
12. The Chief Guest will then deliver the Convocation address.
13. The Chancellor/Vice-Chancellor will then declare the convocation closed.
14. Singing of National Anthem.
15. The procession will leave the Convocation hall in the following order and the assembly will stand.

SECRETARY TO CHANCELLOR

A.D.C
CHANCELLOR

A.D.C
CHIEF GUEST

VICE-CHANCELLOR
MEMBERS, EXECUTIVE COUNCIL
DEANS OF FACULTIES
MEMBERS OF ACADEMIC COUNCIL, HEAD OF DEPARTMENTS
REGISTRAR

*संशोधन: कार्य परिषद् बैठक संख्या 13 (12.12.2008), प्रस्ताव संख्या 05

अध्याय–8
अवकाशों के नियम

अवकाशों के नियम

परिनियम उन सरकारी सेवकों जो विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है के सिवाय, विश्वविधालय के समस्त कर्मचारियों पर लागू होगें।

(क) **अवकाश का अधिकार**– अवकाश का दावा, अधिकार स्वरूप नही किया जा सकता है। सेवा अत्यावश्यक होने पर मॉगे गये किसी प्रकार

के अवकाश को अस्वीकृत किया जा सकता है या कर्मचारी को स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी द्वारा अवकाश से अनिवार्य रूप में वापस बुलाया जा सकता है।

(ख) **उपर्जित अवकाश**– ड्यूटी पर व्यतीत की गयी अवधि द्वारा अवकाश को उपार्जित किया जा सकता है।

(ग) **अवकाश का प्रारम्भ एवं उसकी समाप्ति**– सामान्यतया अवकाश उस दिनांक से प्रारंभ होता है जबसे उसका वास्तविक उपभोग किया जाता है तथा उस दिनांक को समाप्त हो जाता है जिस दिनांक को ड्यूटी ग्रहण की जाय या यदि ड्यूटी अपरान्ह में छोडी जाय या ग्रहण की जाय को अवकाश अगले दिन क्रमशः प्रारम्भ या समाप्त होगा। स्वीकर्ता प्राधिकारी की अनुज्ञा से रविवार या अन्य अवकाश दिवस या विश्वविद्यालय अवकाश के उक्त अवकाश में पूर्व नियत या पश्चात नियत किया जा सकता है।

(घ) विश्वविद्यालय के अधिकारियों और अध्यापकों को आकस्मिक अवकाश के सिवाय सभी प्रकार के अवकाश स्वीकृत करने की शक्ति कुलपति में निहित होगी और अन्य कर्मचारियों के मामले में विभागाध्यक्ष के पास निहित होगी। कुलपति द्वारा यथा प्रदत्त सामान्य या विनिर्दिष्ट अनुदेशों के अध्यधीन संकायाध्यक्ष/प्राचार्य/निदेशक/विभागाध्यक्ष सहायक आचार्य की श्रेणी तक के कर्मचारियों को 30 दिन तक का उपार्जित अवकाश भी स्वीकृत कर सकते है। विश्वविधालय के संकायाध्यक्ष/प्राचार्यो, निदेशकों और अधिकारियों के आकस्मिक अवकाश कुलपति द्वारा स्वीकृत किया जाएगे और अध्यापकों सहित अन्य सदस्यों को अवकाश संकायाध्यक्ष/प्राचार्य, निदेशकों और संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा स्वीकृत किया जाएगा।

(ङ) **निम्नलिखित प्रकार का अवकाश अनुमन्य होगाः–**

1– आकस्मिक अवकाश
2– उपार्जित अवकाश
3– अर्द्व वेतन पर अवकाश
4– असाधारण अवकाश
5– प्रसूति अवकाश
6– चिकित्सा अवकाश
7– **अध्ययन** अवकाश*

1– आकस्मिक अवकाश– विश्वविद्यालय का कोई कर्मचारी प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में 14 दिन के आकस्मिक अवकाश के लिए पात्र होगा। यह अवकाश अगले वर्ष के लिए अग्रभीत नही किया जा सकता है।

2– उपार्जित अवकाश– विश्वविद्यालय का कोई कर्मचारी समय–समय पर यथा संशोधित शासनादेश के उपबंध के अनुसार पूर्ण वेतन पर उपार्जित अवकाश के लिए हकदार होगा। परन्तु यह और कि जब कुल उपार्जित अवकाश तीन सौ दिन तक एकत्रित हो जाय तो कर्मचारी ऐसा उपार्जित नही करेगा।

3– अर्द्व वेतन पर अवकाश– विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारी समय–समय पर यथा संशोधित सरकारी आदेश के उपबंधों के अनुसार अर्द्व वेतन पर अवकाश के लिए हकदार होगें।

4– असाधारण अवकाश– वास्तविक आवश्यकता की स्थिति में और जब कोई अन्य अवकाश देय न हो तो अवकाश स्वीकृत करते समय विनिर्दिष्ट किये जाने वाले शर्तो के अध्यधीन बिना वेतन का अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है।

5– प्रसूति अवकाश– विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारी राज्य सरकार के पुनरीक्षण के अध्यधीन बच्चे के प्रसव के समय 90 दिन के प्रसूति अवकाश के लिए हकदार होगी। यह अन्य समस्त उपलब्ध अवकाश के अतिरिक्त होगा।

6–स्थायी कर्मचारी के लिए चिकित्सीय प्रमाण–पत्र पर अवकाश– विश्वविद्यालय के स्थायी कर्मचारी को उसकी सम्पूर्ण सेवा अवधि के अनधिक 12 माह का चिकित्सीय प्रमाण–पत्र पर अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है।

(क) उपार्जित अवकाश सहित चिकित्सीय प्रमाण–पत्र पर अवकाश, यदि कोई हो, एक बार में आठ माह से अधिक नही होगा। ऐसा अवकाश, ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी से प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर दिया जाऐगा जैसा कि कुलपति इस निमित्त साधारण या विशेष आदेश द्वारा ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा संस्तुत अवधि तक के लिए विनिर्दिष्ट करें। चिकित्सीय प्रमाण–पत्र पर अवकाश स्थाई कर्मचारियों को इस शर्त के अध्यधीन अनुमन्य होगा कि इस परिनियम के अधीन कोई अवकाश स्वीकृत नही किया जा सकता है जब तक कि छुट्टी स्वीकृत करने के लिए सक्षम प्राधिकारी का समाधान न हो जाय कि इस बात की युक्तियुक्त आधार विद्यमान है कि विश्वविद्यालय कर्मचारी आवेदित अवकाश की समाप्ति पर ड्यूटी पर वापस आने के लिए उपयुक्त हो।

(ख) अस्थाई कर्मचारी के लिए चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर अवकाश– विश्वविद्यालय के अस्थायी कर्मचारी को उसकी सम्पूर्ण सेवा अवधि में अनधिक चार माह का चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है परन्तु उपार्जित अवकाश यदि कोई हो, सहित चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर अवकाश आठ माह से अधिक नही होगा। ऐसा अवकाश, ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी जैसाकि कुलपति सामान्य या विशेष आदेश द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट करें, से प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किये जाने पर और ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा संस्तुत अवधि से अनधिक अवधि तक के लिए स्वीकृत किया जाएगा।

अस्थाई कर्मचारियों को चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर अवकाश निम्नलिखित शर्तो के अधीन अनुमन्य होगाः–

1–जिस पद से विश्वविद्यालय कर्मचारी अवकाश पर जाता है, ड्यूटी पर वापस आने तक उस पद के बने रहने की सम्भावना की जाती है।

2– इस परिनियम के अधीन कोई अवकाश स्वीकृत नही किया जा सकता है जब तक कि अवकाश स्वीकृत करने के लिए सक्षम प्राधिकारी का यह समाधान नही हो जाता है कि इस बात की युक्तियुक्त सम्भावना है कि विश्वविद्यालय कर्मचारी आवेदित अवकाश

की समाप्ति पर ड्यूटी पर वापस आने के लिए स्वस्थ होगा।

7– अध्ययन अवकाश

PhD अध्ययन अवकाश के लिए नियमावली

शिक्षक के उच्च शिक्षा के लिए अध्ययन अवकाश का लाभ उठाने के लिए पात्रता

एक सहायक प्रोफेसर को अपने कार्य के क्षेत्र में आधुनिक विकास के साथ समानता रखने एवं विश्व विद्यालय के लिए उसके योग्यता और उपयोगिता में सुधर लाने और अपने कैरियर की संभावनाओं का उन्नयन हेतु 3 वर्ष की एक न्यूनतम निरंतर और संतोषजनक सेवा के बाद PhD करने के लिए अनुमति प्रदान की जा सकती है। उसे विश्व विद्यालय के भीतर या विश्व विद्यालय के बहार पूर्ण वेतन एवं भत्तों के साथ अवकाश प्रदान किया जा सकता है। हालांकि, वे अभ्यर्थी जो बिना वेतन के अध्ययन अवकाश का लाभ उठाना चाहते है उनके लिए निरंतर सेवा के केवल न्यूनतम दो वर्ष की अवधि आवश्यक होगा. हालांकि, परिवीक्षा अवधि की निकासी अध्ययन अवकाश की मंजूरी के लिए अनिवार्य होगा।

अध्ययन अवकाश की अवधि: -

अध्ययन अवकाश की अवधि इस प्रकार होगा: -

PhD within the institution	3 semesters (18 months) for including comprehensive exam
PhD from outside the institution	Grant of study leave for 36 mo

Note:

1. जो विश्वविद्यालय के भीतर पीएचडी की पढ़ाई करता है उसको comprehensive examination के बाद University Join कर अनुसंधान कार्य जारी रखना होगा जो की 09 credit प्रति semester से अधिक नहीं होगा।
2. वे जो विश्वविद्यालय के बाहर PhD करने गए है यदि उन्हें अध्ययन अवकाश अवधि समाप्त होने पर PhD पूरा करने के लिए और अवकाश की आवश्यकता होती है तो वे अपना PhD वैसे अवकाश जिसके लिए वे eligible है या अवेतन छुट्टी ले के जारी रख सकते है। अधिकतम अवकाश अवधि 5 साल का होगा। यदि पदधारी PhD पांच साल के भीतर पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे University Join कर पूरा वेतन जो वह अवकाश अवधि में प्राप्त किया वापस करना होगा।
